**लापरवाही** राजुल एस्टेट मुख्य मार्ग पर ठेकेदार की लापरवाही, निर्माण के दौरान बीच में छोड़ा कार्य

# मुख्य मार्ग का गहरा गड्ढा बना जानलेवा खतरा



**पनागर, नवभारत।** जबलपुर-कटनी मुख्य मार्ग से राजुल एस्टेट (महगवां परियट) कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य में लगी एजेंसी की गंभीर लापरवाही सामने आई है। नाली निर्माण के नाम पर सड़क के बीचों-बीच गहरी खुदाई कर उसे अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसमें इस समय पानी भर गया है। यह स्थिति स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए किसी 'मौत के जाल' से कम नहीं रह गई है।

### प्रशासन से की गई ये प्रमुख मांगें

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया जाए। गड्ढे को तुरंत भरकर सड़क का डामरीकरण एवं मरम्मत कार्य पूरा कराया जाए। साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम जैसे बैरिकेडिंग और रेडियम लाइट की व्यवस्था की जाए।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है

### हादसों को दे रहा न्योता

स्थानीय लोगों के अनुसार ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के बाद न तो गड्ढे को सुरक्षित ढंग से ढंका गया और न ही किसी प्रकार की चेतावनी पट्टिका या बैरिकेडिंग लगाई गई। सड़क के मुख्य मोड़ के पास बने इस गहरे गड्ढे में भरे पानी के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

# सड़क की खुदाई से फूटी पाइप लाइन

▶ कई मोहल्लों में जल संकट, पनागर में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान सामने आई लापरवाही



**नवभारत, पनागर।** पनागर में फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगरीय क्षेत्र में नाला निर्माण शुरू करते हुए ठेकेदार ने नगर पालिका को बिना सूचना दिए मेड रोड स्थित शिवाजी वार्ड में सड़क की खुदाई कर दी। खुदाई के दौरान सड़क के नीचे बिछी नर्मदा नल-जल योजना की पाइप लाइन उखड़कर टूट गई, जिससे बड़ी मात्रा में पानी बहकर नाले में फैलता रहा।

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पनागर के कई वार्डों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। गर्मी के इस मौसम में पानी की किल्लत से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालत यह रही कि कई परिवारों को पड़ोस के ट्यूबवेल या अन्य साधनों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने पाइप लाइन टूटने की जानकारी नगर पालिका को देने के बजाय खुदाई का काम जारी रखा, जिससे समस्या और बढ़ गई। दो अन्य वार्डों में भी पानी की सप्लाई नहीं हो सकी, जिससे संकट गहरा गया।

### लोगों में बढ़ती जा रही नाराजगी

लगातार हो रही लापरवाही से नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य से पहले आवश्यक विभागों को सूचना दी जाए और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की जल्द मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल की जाए।

### ट्रैफिक जाम ने बढ़ाई परेशानी

सड़क निर्माण कार्य के चलते पनागर में जाम की स्थिति भी लगातार बन रही है। कमानिया गेट से बस स्टैंड के बीच दिन के समय निर्माण कार्य होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। इस क्षेत्र में कई बैंक और थाना होने के कारण लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो गई है।


# परशुराम प्रगटोत्सव पर निकली वाहन रैली में दिखी ब्राह्मणों की एकता



**नवभारत, सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर रविवार को सयुंक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा के संयोजन में निकली विशाल वाहन रैली में ब्राह्मणों की एकता दिखाई दी। सुबह 9 बजे परशुराम जी की झांकी के साथ नृसिंह मंदिर से पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हूई रैली खितौला सिहोरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवमंदिर बाबाताल में सपन्न हुई। इसके बाद भगवान परशुराम एंव बाबाताल में विराजमान भगवान भोलेनाथ की सभी विप्रजनों ने महाआरती की तथा आयोजन में पधारे कथा वाचक आकर्षण जी महाराज ने अपने बचनों से ब्राह्मण समाज को कृतार्थ किया। विधायक संतोष बरकडे ने बाबाताल में भगवान परशुराम जी का पूजन किया। प्रकटोत्सव पर विप्रजनों की निकली वाहन रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था अनेक दुपहिया चार पहिया वाहन में सवार परशुराम की सेना हाथ में प्रतिकात्मक फरसा लेकर जय जय परशुराम, जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रही थी।वाहन रैली का ओवर ब्रिज के पास कांग्रेस कमेटी, स्टेडियम के पास, मैना कुआं, झंडा बाजार में गहोई समाज, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों के अलावा अनेक स्थानों मे पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### इन स्थानों से होकर निकली रैली

वाहन रैली बरा मोहल्ला, रेलवे ओवर ब्रिज से होकर वन विभाग रोड, खितौला बाजार, खितौला तिराहा, बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुंआ, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर निकली। बाबाताल में उपस्थित विप्रजनों ने बेल के शर्बत के साथ विशाल भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। यहीं पर प्रतिक्षा ठाकुर, सतीश यादव आदि ने लाठी और तलवार का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया।




# सक्सेस इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे

**नवभारत, सिहोरा।** आज के दौर में जहाँ मोबाइल को केवल मनोरंजन का साधन माना जाता है, वहीं 'द सक्सेस इंस्टीट्यूट' (अ वेंचर ऑफ शशि एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड) के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन मिले, तो ऑनलाइन पढ़ाई से भी प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाया जा सकता है। हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणामों में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन संस्थान के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त कर कई विद्यार्थियों ने 80% से लेकर 93% तक अंक हासिल किए हैं। प्रमुख टॉपर्स में शामिल हैं। नंदनी कुर्मी : 93%, तनु पटेल: 93.2%, अमर पटेल: 92%, सृष्टि नामदेव: 91.8%,स श्रद्धा यादव: 91%, मीनाक्षी यादव: 90%, राधा लोधी (कक्षा 12वीं): 88.2%, आदित्य शमा: 87.2% विकास कुम्हार: 86%, पवन विश्वकमा: 85.4% नीलम पटेल: 84% इसके साथ ही निशिका गुप्ता, रंजना बर्मन, महिमा बर्मन, राधिका सोनी, सृष्टि चौरसिया, मानसी यादव और रिया चौरसिया सहित सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त कर संस्थान की शिक्षण पद्धति पर मुहर लगाई है।

### सुकरी मंगेला रेलवे स्टेशन में दो ट्रेनों का किया जाए ठहराव

**नवभारत, सुकरी।** सुकरी रेलवे स्टेशन में दो ट्रेनों के ठहराव की मांग अब ग्रामीणों द्वारा की जाने लगी है। खबर है कि आगामी 24 अप्रैल को महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन छत्तीसगढ़ का आगमन सुकरी मंगला में होने जा रहा है ।।जिन्हें ज्ञापन सौंपने की तैयारी ग्रामीणों ने कर ली है। ग्राम सुकरी से लगे अनेकों ग्राम सुकरी मंगेला , कालादेही ,खापा ,हुल्की, रमनपुर, समनापुर धर्व्ई ,बम्हनी , सिलूआ, रीमा, नया गांव ,खम्हरिया ,रेपुरा ,पिपरिया सालीवाडा ,हिनोता के ग्रामीणों की मांग है कि रेलवे स्टेशन सुकरी जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 34 से 10 मीटर की दूरी से लगा हुआ है यहां पर एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 1120 1 नागपुर से शहडोल एवं 11701 जबलपुर से रायपुर चलने वाली ट्रेन का ठहराव किया जाए।



# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में उबाल, भोपाल में जुटे शिक्षकों ने किया शक्ति प्रदर्शन

▶ एक लाख से ज्यादा शिक्षक सड़कों पर पहुंचने का दावा

**नवभारत, कटंगी ।** मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किए जाने के विरोध में आंदोलन तेज हो गया है। राजधानी भोपाल में हुए विशाल प्रदर्शन में प्रदेशभर के साथ-साथ कटंगी क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। बीएचईएल स्थित दशहरा मैदान में आयोजित इस प्रदर्शन में 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' के तहत शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। जिसमें 40-42 के तापमान होने पर भी महिला शिक्षकों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से ऊपर रही ।अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले हुए इस आंदोलन में आयोजकों के अनुसार 1 लाख से अधिक शिक्षकों की भागीदारी रही। शिक्षक संगठनों ने साफ कर दिया है कि जब तक टीईटी की अनिवार्यता समाप्त नहीं की जाती, आंदोलन जारी रहेगा। कटंगी एवं आसपास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों शिक्षक भोपाल पहुंचे। इनमें प्रमुख रूप से हरिसिंह राजपूत ,राजेश जैन ,धर्मेंद्र कुकरेले ,मुकेश रजक, राजीव झारिया जुगल किशोर नेमा ,संजय पांडे ,लक्ष्मण झारिया, लक्ष्मण सिंह ठाकुर ,महेन्द्र झारिया, दीपराज यादव, शकील खान और डेलन सिंह शामिल रहे। संयुक्त मोर्चा के अनुसार हालिया सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 70 से 75 प्रतिशत तक शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। खासतौर पर अध्यापक संवर्ग से शिक्षक संवर्ग में आए शिक्षकों में ज्यादा चिंता देखी जा रही है।



# जनगणना प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**नवभारत, सिहोरा।** स्थानीय सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 11 में जनगणना के प्रथम चरण के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती संगीता रैदास द्वारा प्रस्तुत सुमधुर 'सरस्वती वंदना' के साथ हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक हो गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को त्रुटिहीन और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनगणना अधिकारी श्रीमती जयश्री चौहान ने उपस्थित सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को संबोधित किया। उन्होंने जनगणना के राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से बेहद उत्साह और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लेने का अनुरोध किया। श्रीमती चौहान ने जोर देकर कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्र निर्माण की नींव है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और सटीकता के साथ निभानी चाहिए। शिक्षण सत्र के दौरान मुख्य प्रशिक्षक संदीप तिवारी एवं अखिलेश मांझी ने उपस्थित जनों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया।

# गौवंश को आहार खिलाना यज्ञ समान पुण्य का काम : शंकराचार्य सदानंद महाराज

▶ परमहंसी गंगा आश्रम में हुआ नई गौशाला का लोकार्पण



**जबलपुर, नवभारत।** परमहंसी गंगा आश्रम झोंतेश्वर में श्री गुरू कृपा गौ सेवा समिति की नई गौशाला का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगद्गुरू शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा आयोजन में शामिल हुए। ऐसी तपती गर्मी में जबकि इंसानों को पानी पिलाने की कहीं कोई सार्वजनिक व्यवस्था नजर नहीं आती तो ऐसे में मूक गौवंश को कोई रूह अफजा शरबत पिलाए गए और तरबूज खिलाए इससे अच्छी बात और क्या होगी। इस अवसर पर गौशाला की सवा सौ गायों के लिए एक हौज में रूह अफजा शरबत की 30 बड़ी बोतलें और एक बोरी ग्लूकोज पावडर घोला गया। जिसका लुत्फ गौवंश ने उठाया। वहीं 3 क्विंटल तरबूज भी गायों को खिलाए गए। इस सप्लीमेंट फूड के अलावा उनके नियमित आहार में सर्वश्रेष्ठ दाना जिसे भूसे में मिलाकर दिया गया है।

**विवेक तंखा ने दी राशि**-नवनिर्मित गौशाला के लिए राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने अपने फंड से राशि दी थी जिसके फलस्वरूप यह नया निर्माण संभव हो सका है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष रूप से ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर पंच अग्नि पीठाधीश्वर रामकृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज का भी आगमन हुआ।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि असहाय, वृद्ध गौवंश को आहार देने से वहीं पुण्य प्राप्त होता है जो यज्ञ कराने से मिलता है। उन्होंने ऐसे गौवंश जिन्हें लोग छोड़ देते हैं, बीमार या वृद्ध होते हैं, की सेवा करने पर श्री गुरू कृपा गौ सेवा समिति की सराहना की।

**ऊर्जा लेकर जाता हूं: तन्खा**-इस अवसर पर विवेक तन्खा ने कहा कि आश्रम में गौ सेवा के लिए जो भी प्रयास बने हमने किए यहां आकर हमें ब्रम्हलीन पूज्य महाराजश्री की स्मृति आती है और दिल्ली की आपाधापी भरी जिंदगी में रोज की व्यस्तताओं के बीच ऊर्जा मिलती है। यहां आकर मैं अपने लिए ऊर्जा लेकर जाता हूं।

**गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगे: अखिलेश्वरानंद**-इस अवसर पर महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज ने कहा कि पूरे देश में गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। गौ संरक्षण किया जाना चाहिए। जिस प्रकार शेर के शिकार पर सजा का प्रावधान है गौवध पर भी होना चाहिए। इस अवसर पर जगद्गुरू शंकराचार्य द्वय के निजी सचिव ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज ने कहा कि हमने पहले इस भूमि को देखा था और अब जब यहां गौशाला का नवीन निर्माण देखा तो बहुत अच्छा लगा, भूमि का सदुपयोग अच्छी तरह से किया गया है। उन्होंने समिति की सराहना की।




# विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

**सुकरी, मंगेला, नवभारत।** विधायक नीरज सिंह लोधी ने भटरया टोला में सड़क निर्माण का लोकार्पण किया ।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष , जनपद पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार यह सीसी रोड करीब 500 मी , 15 लाख रुपए की लागत से निर्माण की जाएगी। जिससे ग्रामीणों को चलने में राहत मिलेगी।

**अव्यवस्था** हजारों साल पुराना विष्णु वाराह मंदिर बदहाली की कगार पर

# 20 लाख से अधिक की आय वाले मंदिर में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे श्रद्धालु





**मझौली, नवभारत।** हजारों साल पुराने विष्णु वाराह मंदिर की हालत देखकर आज श्रद्धा भी शर्मसार हो रही है। सालाना 20 लाख रुपए से अधिक की आय होने के बावजूद, यह मंदिर आज प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार होकर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

### शोपीस बने उपकरण, भक्तों की बढ़ी मुसीबत

तपती गर्मी और 45 डिग्री के पारे में जहां आम इंसान का गला सूख रहा है, वहीं मंदिर आने वाले श्रद्धालु पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। मंदिर परिसर में लगा वाटर कूलर महज एक शोपीस बनकर रह गया है। इतना ही नहीं, मंदिर के गर्भगृह में लगा एसी भी बंद पड़ा है, जिससे भक्तों और पुजारियों को भारी उमस का सामना करना पड़ता है।

### अव्यवस्थाओं का अंबार : न कक्ष, न प्रसाद की व्यवस्था

आस्था के इस केंद्र में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। श्रद्धालुओं के लिए न तो मुंडन संस्कार के लिए उचित स्थान है और न ही धार्मिक कथाओं के लिए कोई व्यवस्थित कक्ष। वहीं दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की कोई सुचारू व्यवस्था नहीं है। आलम ये है कि करोड़ों की संपत्ति और लाखों की वार्षिक आय वाले इस मंदिर का प्रबंधन पूरी तरह चरमरा गया है।

### उठने लगे सवाल

स्थानीय भक्तजन शिवम साहू ने कहा कि जब मंदिर की वार्षिक आय 20 लाख रुपए से ज्यादा है, तो वह पैसा विकास कार्यों के बजाय कहां खर्च हो रहा है? क्या प्रशासन केवल राजस्व वसूलने के लिए है, श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के लिए नहीं?

### कुंभकर्णी नींद में प्रशासन : 'साहब' को फुर्सत नहीं!

सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि इस मंदिर में बिष्णु वाराह मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष स्वयं मझौली तहसीलदार हैं और जिले के कलेक्टर इसके सर्वेसर्वा हैं। इसके बावजूद प्रशासन को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। आरोप है कि अधिकारी अपने वातानुकूलित दफ्तरों से बाहर निकलने की जहमत नहीं उठाते। जनता की समस्याओं से बेखबर अफसरशाही की इस कार्यप्रणाली ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा कर दिया है।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी तेज

▶ प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दिया गया डिजिटल प्रशिक्षण



**मझौली नवभारत ।** भारत सरकार की आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए तहसील मझौली के अंतर्गत 'चार्ज मझौली' में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। जनगणना के प्रथम चरण, जिसे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कहा जाता है, के लिए वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

### 1 मई से शुरू होगा घर-घर दस्तक का सिलसिला

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसील क्षेत्र में 1 मई से 30 मई तक मकान गणना का कार्य किया जाना है। इस दौरान प्रशिक्षित प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर डेटा एकत्रित करेंगे। जिला कार्यालय द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार, इस बार पूरी प्रक्रिया को आधुनिक और पेपरलेस बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल ऐप और 33 प्रश्नों के जरिए होगी गणना। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स ने बताया कि इस बार गणना का कार्य पारंपरिक कागजी रजिस्टरों के बजाय ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। वर्चुअल क्लासरूम में आयोजित इस तीन दिवसीय ट्रेनिंग में दो मुख्य फील्ड ट्रेनर्स द्वारा डिजिटल विधियों, कानूनी प्रावधानों और मकान नंबरिंग की बारीकियों को समझाया गया।

### मुख्य बिंदु, जो प्रशिक्षण में शामिल रहे

सटीक डेटा: मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री। गणना के दौरान प्रत्येक परिवार से 33 महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जाएंगे। जनगणना कार्य में गोपनीयता और वैधानिक नियमों की जानकारी दी गई। मकानों पर नंबर डालने की प्रक्रिया और नक्शा तैयार करने का प्रशिक्षण। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के इस प्रथम चरण के लिए जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मार्च और अप्रैल 2026 में ही संपन्न कर लिया गया था। अब यही प्रशिक्षित ट्रेनर तहसील स्तर पर प्रगणकों को तैयार कर रहे हैं, ताकि मई माह में होने वाले मैदानी कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि न हो। मझौली प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि जब गणना दल उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही जानकारी देकर राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में सहयोग प्रदान करें।